वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय , जौनपुर

प्रेषक–
परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांक : 595 /प0नि0का0/2024

दिनांक: 16.11.2024

कार्यालय ज्ञाप

अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में सभी छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल से भराया जाना है तथा प्रवेश पत्र निर्गत किया जाना है एवं समस्त छात्र/छात्राओं को समर्थ पोर्टल पर लॉगिन करना अनिवार्य है। उक्त कार्य हेतु सत्र 2023–24 के इनरोल्ड छात्र/छात्राओं का डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड किया गया है। उक्त डाटा में 2023–24 का परीक्षाफार्म भरते समय कुछ छात्र/छात्राओं द्वारा एलरोलमेन्ट नम्बर गलत भर दिया गया है अथवा ब्लैंक छोड़ दिया गया है, उनका डेटा समर्थ पर अपलोड करने पर फेल हो जा रहा है। ऐसे छात्र/छात्राओं की सूची महाविद्यालय वार उनके कालेज लॉगिन पर अपलोड कर उसे अपडेट करने का ऑप्सन विश्वविद्यालय के पत्रांक–591/प.नि.का./2024, दिनांक–05.11.2024 द्वारा दिया गया था। किन्तु अद्यतन अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उक्त छात्र/छात्राओं का एनरोलमेन्ट नम्बर अपडेट नहीं किया गया है।

अतः पुनः अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए आप सभी से अनुरोध है कि **कृपया कालेज लॉगिन पर जाकर सत्र 2023–24 के ऐसे छात्रों का एनरोलमेन्ट नम्बर दिनांक–20..11.2024 तक अपडेट करना सुनिश्चित करें, जिससे उनका डेटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड कर स्टूडेन्ट लॉगिन करवाकर उनका परीक्षाफार्म भराया जा सके। अन्यथा कि स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।**

डॉ0(विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं का लॉगिन कराने का कष्ट करें।
2. उप कुलसचिव परीक्षा।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
4. वरि0 आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
5. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्तअधिकारी जी के संज्ञानार्थ।
6. समन्वयक, समर्थ सेल।
7. प्रभारी वेबमास्टर, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. प्रशासनिक अधिकारी, परीक्षा/गोपनीय।
9. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

उप कुलसचिव
(गोपनीय/परीक्षा)